जयकारा श्री राम का

नाचों झूमों और लगाओ जयकारा, श्री राम का,
शुरू हो गया काम देखो, भव मंदिर निर्माण का,
शुरू हो गया काम देखों, भव मंदिर निर्माण का।

कितनों ने बलिदान दिया तब ये शुभ दिन आया है,
झूम रहे हैं राम के प्यारे सब का मन हरषाया है,
देखेगी ये दुनिया नजारा अब तो अयोध्या धाम का
शुरू हो गया काम देखो, भव मंदिर निर्माण का......

जन जन का ये मंदिर होगा जन जन के श्री राम है
कोई गिलहरी कोई बानर बन के करेगा काम है,
हर हिन्दू होगा सहभागी जन जन के अभीयान का,
शुरू हो गया काम देखो, भव मंदिर निर्माण का......

संग्रह करने निधि समपर्ण राम भगत घर आएँगे,
योगदान करके अपना हम फूले नहीं समाएंगे,
दुनियां बोले मैं भी सेवक चरणों के श्री राम का
शुरू हो गया काम देखों, भव मंदिर निर्माण का।

नाचों झूमों और लगाओ जयकारा, श्री राम का,
शुरू हो गया काम देखो, भव मंदिर निर्माण का.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23343/title/jaikara-shree-ram-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |